प्रेस नोट **24/05/2023**

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर साइबर ठगी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 फर्जी आधार कार्ड, 01 पैन कार्ड व घटना में प्रयुक्त 01 लैपटाप व 02 मोबाईलफोन बरामद–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के कम में आज दिनांक 24.05.2023 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान, थाना कोतवाली/साइबर सेल टीम जनपद मऊ द्वारा थाना कोतवाली में पंजीकृत मु0अ0सं0 181/2023 धारा 419,420,120बी भादवि0 व 66 आईटी एक्ट में वादी का पैन व आधार प्रयोग कर विभिन्न–विभिन्न तिथियों पर लगभग 4 लाख 50 हजार रूपये का केडिट लोन किया गया था जिसमें जाँच से प्रकाश मे आये अभि0 आलोक रंजन पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद गौड़ नि0 हनुमान नगर भीटी कोतवाली जिला मऊ जो (वर्तमान समय में प्राइवेट कार्यरत पद हेड कैसियर–2 बड़ौदा यू0पी0 बीओबी ब्रान्च सलामतपुर गाजीपुर) व अभि0 श्रवण चौहान पुत्र जय राम चौहान निवासी हनुमान नगर भीटी थाना कोतवाली जनपद मऊ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 फर्जी आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, घटना में प्रयुक्त 02 माबाईलफोन व एक लैपटाप बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियोग में धारा 467,468 भादवि की बढ़ोत्तरी कर न्यायलय चालान किया गया।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्तों द्वारा लोनकर्ताओं का डाटा को ओपेन सोर्स से आनलाईन प्राप्त कर वादी के आधार व पैन कार्ड का उपयोग कर कुचरचित दस्तवेज तैयार कर विभिन्न छोटे केडिट लोन प्रदान कराने वाली कम्पनियों (mPokket ,CASHe Personal Loan App. Credit Line & Loans, Pocketly. Finance) आदि के मोबाईल एप्स के माध्यम से अलग–अलग मोबाईल नम्बर का प्रयोग कर दुसरो के नाम पर लोन प्राप्त कर साइबर ठगी कर लेते हैं।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

1. आलोक रंजन पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद गौड़ निवासी हनुमान नगर भीटी थाना कोतवाली जनपद मऊ।
2. श्रवण चौहान पुत्र जय राम चौहान निवासी हनुमान नगर भीटी थाना कोतवाली जनपद मऊ।

बरामदगी का विवरण–

1. एक अदद मोबाईल सैमसंग। (घटना में प्रयुक्त)
2. एक अदद मोबाईल रीयल मी। (घटना में प्रयुक्त)
3. एक अदद लैपटाप Acer।
4. दो अदद फर्जी आधार कार्ड व एक पैन कार्ड।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

1. निरीक्षक राजेश यादव **(निरीक्षक अपराध थाना कोतवाली)**
2. आरक्षी विजय कुमार गौड़ (थाना कोतवाली)
3. आरक्षी सतीश यादव (थाना कोतवाली)
4. मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र कुमार कन्नौजिया (साइबर सेल)
5. आरक्षी प्रभात कुमार कुशवाहा (साइबर सेल)
6. आरक्षी अनूप कुमार यादव (साइबर सेल)